पाठ - 15

हवा महल

विधा - हास्यकथा

शब्दार्थ

अकसर- प्रायः

ज़िद- हठ

नींव - आधार

महल - बड़ा मकान

खूब- बहुत अधिक

ज़रा - थोड़ा

प्रसन्न - खुश

वक्त - समय

सोचो और बताओ- कापी कार्य

प्र०(क) हवा महल बनाने के लिए बादशाह ने बीरबल को ही क्यों चुना ?

उ०- बादशाह बीरबल की होशियारी की परीक्षा लेना चाहते थे।

प्र०(ख) महल के निर्माण में क्या -क्या सामग्री लगती है ?

उ०- महल के निर्माण में ईटें, पत्थर, सीमेंट, लोहे की सरिया, बालू, मौरंग आदि सामग्री लगती है।

प्र०(ग) हवा महल की नींव डालने का कार्य कहाँ हो रहा था ?

उ०-हवा महल की नींव डालने का कार्य आकाश में हो रहा था।

.प्र०(घ) बीरबल ने कहाँ ले जाकर बादशाह को हवा महल दिखाया ?

उ० - बीरबल ने बादशाह को शहर से बाहर खुली जगह में ले जाकर हवा महल की नींव पड़ते दिखाया।

प्र ०(ङ) आसमान में तोते क्या चिल्ला रहे थे ?

उ० बीरबल के द्वारा सिखाए गए तोते आसमान में चिल्ला रहे थे - "वहाँ खोदो , मिट्टी हटाओ , पत्थर रखो , ईंट लाओ , गारा तैयार करो आदि।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो - कॉपी कार्य

प्र ०(क) बादशाह ने बुद्धिमत्ता की परीक्षा लेने के लिए बीरबल से क्या कहा ?

उ० - बादशाह ने बीरबल से कहा , "बीरबल ! मैं एक ऐसा महल बनाना चाहता हूँ जो हवा में हो और उसकी नींव आकाश में हो। "

प्र ०(ख) बादशाह द्वारा निर्माण कार्य देखने की ज़िद करने पर बीरबल ने क्या कहा ?

उ० - बीरबल ने कहा , "महाराज ! आज के ठीक दस दिन बाद महल की नींव पड़ेगी , तब आपको ले चलूँगा। "

प्र ०(ग) महल बनाने का कार्य बीरबल ने किसे सौंपा था ?

उ०- महल बनाने का कार्य बीरबल ने अपने सिखाए गए तोतों को सौंपा था।

प्र०(घ) तोते हवा में क्या चिल्ला रहे थे?

उ० - तोते हवा में चिल्ला रहे थे , "वहाँ खोदो , मिट्टी उठाओ , पत्थर रखो , ईंट लाओ , गारा तैयार करो। "

प्र ०(ङ) बादशाह ने बीरबल को गले क्यों लगा लिया ?

उ० - बीरबल की होशियारी देखकर बादशाह बहुत प्रसन्न हुए इसलिए को गले लगा